In The Court Of District & Additional Sessions Judge-I-cum Special Judge NDPS Act, and P.O. of Children Court, Begusarai

Present:- M.P Singh
District & Additional Sessions Judge-I,
Begusarai

Schedule XLII – Form No. (J) 12

## FORM OF HEADING OF DEPOSITION

## J.J.C.P. Case No. 13 of 2024

Deposition of witness No. 02 for the prosecution PW aged about 40 years taken on solemn affirmation on the 30/05/2025

My name - **Ashok Kumar Rai**

I am the S/o~~D/o/W/o~~- Damodar Rai

My age is 40 years. I am by religion Hindu My nationality is Indian.

My home is at mauza Bishanpur, Lodiahi, Police Station- Bachhwara, District- Begusarai

I reside at present in mauza do, Police station do, District do

where I am Private Driver.

**On Oath :-**

**मुख्यपरीक्षण**

1. घटना आज से 9 महीना पहले समय 2 बजे दिन की है। उस समय मैं अपने खेत में घास काट रहा था। अवधेश राय के डेरा पर से हीरा देवी हल्ला की तो मैं वहां गया तो देखा कि अंकित राम, जहुरी राम, विनोद राम, प्रदीप राम, धमेन्द्र राम और रवि राम ये सब मिलकर अवधेश राय का बच्चा अनिकेत कुमार को गला मचोड कर मार दिया।
2. सभी पांचो लाश को उठा कर भाग रहे थे। हम लोग हल्ला किए तो लाश को देवेन्द्र राय के खेत में फेंक कर भाग गया।
3. सभी मुदालह को पहचानते है।

*****प्रतिपरीक्षण सीआईसीएल अंकित कुमार की ओर से श्री रामनंदन बाबु*****

4. मेरा बयान इस घटना के संबंध में पुलिस ने लिया था जो घटना के कल हो कर 5 बजे शाम में हुआ था। उस बयान को पढने और देखने का मौका मिला।
5. जो बयान पुलिस में दिया था वही बयान आज न्यायालय में दिया है।
6. पुलिस में दिए बयान में कहा था कि उस समय मैं अपने खेत में घास काट रहा था।
7. जहां मैं घास काट रहा था वह उक्त डेरा जंहा घटना हुआ से पश्चिम बगल 50 डेग पर है। उस खेत में जनेरा लगा हुआ था। खेत मेरा अपना था। खेत का खाता खेसरा नहीं बता सकते। अगल बगल के खेत में कोई काम नही कर रहे थे।
8. तथाकथित घटना के बाद जोर जोर से हल्ला हुआ था जो हीरा देवी की थी। हल्ला के दो-तीन मिनट के बाद हम वहां गए। जब मैं वहां गया तो उस समय वहां पर दो-तीन लोग पहले से थे।

9. अनिकेत को मैनें जमीन पर मरा हुआ पड़ा देखा। मेरे बात बहुत सारे लोग आए जिनका नाम परमहंस राय, सुलेखा देवी, मनिता देवी एवं अन्य लोग थे। मृतक के घर से अवधेश राय एवं उसकी पत्नी तथा बहुत सारे लोग आए।

10. हम वहां पर दो तीन घंटा रहे। इस बीच वहां डेरा पर पुलिस आई। पुलिस लगभग एक घंटा के बाद आई। पुलिस को खबर अवधेश राय ने किया था। पुलिस आई और लाश को लाद कर अस्पताल ले गए। उसके बाद मैं घर चला गया।

11. अवधेश राय मेरा पडोसी एवं दियाद है। अवधेश राय के घर से मेरा घर लगभग 20 डेग की दूरी पर है। इस बीच रामबिलास राय, कृष्णा नंद राय, लाल कुमार राय का घर है। ये सब लोग घटना स्थल पर आए थे या नहीं आए थे, नहीं कह सकता हूं।

12. ऐसी बात नही है कि मैनें बिलकुल झुठी गवाही दी है एवं मुदालह ने कोई घटना नहीं किया एवं मैं मुदई का गोतिया हुं इसलिए झुठी गवाही दी है।

---

**उक्त ब्यान मेरे द्वारा न्यायालय में दिया गया है तथा जिसे सुनने/पढ़ने के पश्चात सही पाये जाने पर न्यायालय में अपना अंगूठा/हस्ताक्षर लगा रहा/रही हूँ।**

अशोक कुमार राय

**गवाह का हस्ताक्षर/अंगूठा का निशान**

---

Typed by Deposition writer under my dictation, corrected and Signed by me.

Deposition Writer
30/05/2025

Addl. Sessions Judge – I-cum,
P.O. Children Court, Begusarai
30/05/2025

In The Court Of District & Additional Sessions Judge-I-cum Special Judge NDPS Act, and P.O. of Children Court, Begusarai

**Present:- M.P Singh**
**District & Additional Sessions Judge-I, Begusarai**

Schedule XLII – Form No. (J) 12

**FORM OF HEADING OF DEPOSITION**

**J.J.C.P. Case No. 13 of 2024**

Deposition of witness No. 01 for the prosecution PW aged about 50 years taken on solemn affirmation on the **31/05/2025**

My name - **Hira Devi**

I am the ~~S/oD/o~~/W/o- Devendra Rai

My age is 50 years. I am by religion Hindu My nationality is Indian.

My home is at mauza Bishanpur, Lodiahi, Police Station- Bachhwara, District-Begusarai

I reside at present in mauza do, Police station do, District do

where I am House wife. .

**On Oath :-**

**मुख्यपरीक्षण**

1. घटना 9 महीना पहले समय 2 बजे दिन की है। उस समय मैं शौच के लिए खेत में गई थी। प्रदीप राम, जहुरी, विनोद, रविराम, अंकित कुमार और धमेन्द्र ने आपस में बोला कि अनिकेत को जान से मार दो। रविराम ने विनोद राम, और अंकित कुमार ने अनिकेत का घेट घुमा दिया और मार दिया।
2. जहुरी राम ने मृतक अनिकेत को गोद में लेकर देवेन्द्र राय के जनेर के खेत में फेंक दिया। हम हल्ला किए तो लोग जुटा।
3. सभी मुदालह को पहचानते है।

*****प्रतिपरीक्षण सीआईसीएल अंकित कुमार की ओर से श्री रामनंदन बाबु*****

4. मुदई मेरा पडोसी है। जाति का कोई मतबल नही है लेकिन मेरे ही जाति का है।
5. हम अपने खेत में शौच करने गए थे। शौच खेत के अंदर कर रहे थे।
6. शौच करते वक्त हम हल्ला गुल्ला सुने। हल्ला गुल्ला सुन कर हम छुप कर खेत में ही खडा थे। जो भी घटना हुई वह अवधेश के डेरा पर हुई।
7. अवधेश का डेरा माल मवेशी वाला डेरा है लेकिन छत ढाला हुआ है। उसी में माल मवेशी रखता है। अगल बगल में फुस का भी घर है। अवधेश और उसका परिवार फुस वाला में रहता है। उसका डेरा सुनसान जगह पर है।
8. हल्ला गुल्ला पर हम डेरा पर गए थे। वहां पर हम गए तो छहो मुदालह को देखा। मैनें हल्ला गुल्ला उसके बाद किया। हल्ला गुल्ला पर सब भाग गया। हल्ला गुल्ला पर गांव समाज का सब लोग आया, जिनका नाम अशोक राय, परमहंस राय, सुलेखा देवी, सरिता देवी है। पुरा समाज आया।
9. उसके बाद हम घर नहीं गए, वही पर रहे। मृतक के निगरानी में रहे।

**In The Court Of District & Additional Sessions Judge-I-cum Special Judge NDPS Act, and P.O. of Children Court, Begusarai**

***Present:- M.P Singh***
***District & Additional Sessions Judge-I,***
***Begusarai***

10. पुलिस को खबर गुदर राय ने किया था। पुलिस एक घंटा के बाद आई थीं। पुलिस आई तो पब्लिक लोग हंगमा मचाया। उसके बाद पुलिस लाश को पोस्टमाटम के लिए ले गई। साथ में हम नहीं गए थे, हम घर चले गए थे।

11. मुदालह लोग एक ही परिवार के है। मुदालह और मुदई के बीच पहले से किसी तरह का केस मुकदमा नहीं था।

12. ऐसी बात नहीं है कि झुठी गवाही दिया हुं एवं मुदालह लोगो ने किसी तरह की घटना नहीं की है।

---

**उक्त ब्यान मेरे द्वारा न्यायालय में दिया गया है तथा जिसे सुनने/पढ़ने के पश्चात सही पाये जाने पर न्यायालय में अपना अंगूठा/हस्ताक्षर लगा रहा/रही हूँ।**

R.T.I of Mira Devi

गवाह का हस्ताक्षर/अंगूठा का निशान

---

Typed by Deposition writer under my dictation, corrected and Signed by me.

Deposition Writer
30/05/2025

Addl. Sessions Judge – I-cum,
P.O. Children Court, Begusarai
30/05/2025